AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI):

(a) The percentage of literacy amongst Scheduled Castes in India is 21.30 according to 1981 Census.

(b) A number of incentives and facilities have been provided by Government at the Central and State levels to attract Scheduled Caste and Scheduled Tribe children to schools. Important steps so far taken are, provision of scholarships, freeships, free books and stationary, free uniforms, mid-day meals, opening of schools, non-formal education centres in Scheduled Caste Basties and Tribal areas, Ashram schools, hostels, etc; provision of coaching facilities and reservation of seats in educational institutions.

कला और संस्कृति के संवर्धन के लिये राज्यों को धनराशि

932. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार कला तथा संस्कृति के संवर्धन के लिए विभिन्न राज्यों को सहायता प्रदान कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ प्रदान की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल. पी. साहो) : (क) और (ख) राज्य सरकारों को धनराशि योजनागत अनुदानों/सहायता के माध्यम से प्रदान की जाती है । तथापि, केन्द्रीय सरकार और इसकी एजेन्सियां अपने-अपने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कार्यक्रमों एवं स्वय-सेवी संगठनों को अनुदानों के माध्यम से कला और संस्कृति को बढ़ावा देती हैं ।

आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय

933. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय कितने आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय हैं और वे कहां-कहां पर हैं ;

(ख) यदि राजस्थान में इस प्रकार के आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय हैं तो उनमे से प्रत्येक वर्ष कितने विद्यार्थी स्नातक की डिग्री प्राप्त करते हैं; और

(ग) क्या यह सच है कि आयुर्वेदिक विश्वविद्यालयों के अनेक डिग्रीधारी बेरोजगार हैं ; यदि हां, तो इस प्रकार के स्नातकों की संख्या कितनी है और सरकार उन्हें रोजगार देने के लिए क्या-क्या उपाय कर रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) देश में केवल एक आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय नामत: गुजरात आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय, जामनगर सर्वांगपूर्ण विश्व-विद्यालय है । ऐसे अन्य विश्वविद्यालयों के नाम, जिनमें आयुर्वेदिक संकाय/विभाग हैं, विवरण-I में दिए गए हैं (**नीचे देखिये**) ।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार राजस्थान विश्वविद्यालय से वर्ष 1985, 1986 और 1987 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या विवरण–II में दी गई है (नीचे देखिये) ।

(ग) देश में रोजगार कार्यालयों में 31 दिसम्बर, 1986 तक पंजीकृत आयुर्वेदिक फिजिशियनों की संख्या 10,899 है । वर्ष 1987 के लिए आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

यह जरूरी नहीं है कि रोजगार कार्यालय के चालू रजिस्टर में दर्ज सभी रोजगार ढूंढने वाले व्यक्ति बेरोजगार ही हों, तथा यह भी जरूरी नहीं है कि सभी बेरोजगारों ने रोजगार कार्यालयों में अपने नाम दर्ज कराए हों । व्यवसायिक अर्हता प्राप्त स्नातकों के लिए

प्रैक्टिस, सरकारी तथा गैर सरकारी सेवाओं जैसे कई रास्ते खुले है।

विवरण—I

आयुर्वेदिक संकाय वाले विश्वविद्यालयों की सूची

क्रमांक	विश्वविद्यालय का नाम तथा स्थान
1	2
1.	उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)
2.	नागार्जुन विश्वविद्यालय नागार्जुन नगर, आन्ध्र प्रदेश
3.	काकातिया विश्वविद्यालय वारांगल आन्ध्र प्रदेश
4.	एस० वी० विश्वविद्यालय तिरूपति आन्ध्र प्रदेश
5.	गोहाटी विश्वविद्यालय गोहाटी, असम
6.	बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर बिहार
7.	के० एस० दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा, बिहार
8.	गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर, गुजरात
9.	कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र, हरियाणा
10.	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, हरियाणा
11.	हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, हिमाचल प्रदेश
12.	बंगलोर विश्वविद्यालय बंगलोर, कर्नाटक
13.	मैसूर विश्वविद्यालय मैसूर, कर्नाटक
14.	गुलबर्गा विश्वविद्यालय गुलबर्गा, कर्नाटक
15.	कर्नाटक विश्वविद्यालय धारवाड़, कर्नाटक
16.	मंगलौर विश्वविद्यालय मंगलौर, कर्नाटक
17.	केरल विश्वविद्यालय त्रिवेन्द्रम, केरल
18	कालीकट विश्वविद्यालय कालीकट, केरल
19.	जिवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, मध्य प्रदेश
20.	रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर (मध्य प्रदेश)
21.	जबलपुर विश्वविद्यालय जबलपुर, मध्य प्रदेश
22.	विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, मध्य प्रदेश
23.	इंदौर विश्वविद्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश
24.	अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, मध्य प्रदेश
25.	सागर विश्वविद्यालय सागर, मध्य प्रदेश
26.	बम्बई विश्वविद्यालय बम्बई, महाराष्ट्र
27.	नागपुर विश्वविद्यालय नागपुर, महाराष्ट्र
28.	मराठवाड़ा विश्वविद्यालय औरंगाबाद, महाराष्ट्र
29.	पूना विश्वविद्यालय पूना, महाराष्ट्र
30.	शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर, महाराष्ट्र
31.	अमरावती विश्वविद्यालय अमरावती महाराष्ट्र
32.	उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर भुवनेश्वर उड़ीसा

1	2
33.	संभलपुर विश्वविद्यालय संभलपुर उड़ीसा
34.	बेरहमपुर विश्वविद्यालय बेरहमपुर उड़ीसा
35.	पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला पंजाब
36.	गुरू नानक विश्वविद्यालय अमृतसर पंजाब
37.	राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान
38.	मद्रास विश्वविद्यालय मद्रास तमिलनाडु
39.	भरथियार विश्वविद्यालय, कोयम्बटूर
40.	लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश
41.	कानपुर विश्वविद्यालय कानपुर, उत्तर प्रदेश
42.	सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी, उत्तर प्रदेश
43.	बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, उत्तर प्रदेश केवल स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए
44.	कलकत्ता विश्वविद्यालय कलकत्ता, पश्चिमी बंगाल
45.	दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली

विवरण—II

वर्ष 1985, 1986 और 1987 में राजस्थान के कालेजों से निकले सफल छात्र

कालेज का नाम	विश्वविद्यालय	राजस्थान के आयुर्वेदिक कालेजों से निकले सफल छात्र		
		1985	1986	1987
1. एम. एम. मोहन मालवीय सरकारी आयुर्वेदिक कालेज उदयपुर	राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर	44	49	40
2. राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान, जयपुर	—तदैव—	59	33	57
3. परशु राम पुरिया आयुर्वेदिक कालेज सीकर	—तदैव—	33	67	21
4. श्री बी. एल. दुगड़ आयुर्वेदिक कालेज, सरदार शहर, जिला चुरू	—तदैव—	पहले बैच ने प्रशिक्षण पूरा नहीं किया	रिपोर्ट नहीं मिली	रिपोर्ट नही मिली
5. मोहता आयुर्वेदिक कालेज, सदुलपुर, जिला चुरू	तदैव—	—तदैव—.	पहला	बैच निकलने वाला है
कुल		136	149	137